TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

18.08.2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन में सफलता और विफलता दोनों ही जीवन के पहलू हैं।

किसी भी परिस्थिति में हमें हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस विशेष

18 अगस्त

मधु प्रिया

## भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर की स्थापना दिवस 18 अगस्त




भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर भारत सरकार द्वारा 18 अगस्त 1951 में स्थापित अभियांत्रिकी( इंजीनियरिंग) और प्रौद्योगिकी- उन्मुख एक स्वायत्त उच्च शिक्षा संस्थान है। 7 आईआईटी संस्थानों में यह सबसे पुरानी है। भारत सरकार ने इसे आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय महत्व का संस्थान माना है, और इसकी गणना भारत के सर्वोत्तम इंजीनियरिंग संस्थानों में होती है। आईआईटी खड़गपुर को विभिन्न इंजीनियरिंग शिक्षा सर्वेक्षणों जैसे कि, इंडिया टुडे और आउटलुक में सर्वोच्च इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक का स्थान दिया गया है। 1947 में भारत के स्वाधीनता के बाद आईआईटी खड़गपुर की स्थापना उच्च कोटि के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने के लिए हुई थी। इसका संस्थागत ढांचा दूसरी आईआईटी की ही तरह है,ब और इसकी प्रवेश की विधि भी बाकी आईआईटी संस्थानों के साथ ही होती है। आईआईटी खड़गपुर के छात्रों को अनौपचारिक तौर पर केजीपीएन कहा जाता है। सभी आईआईटी संस्थानों में इसका कैंपस क्षेत्रफल सबसे ज्यादा 2100 है और साथ ही विभाग और छात्रों की संख्या भी सर्वाधिक है। आईआईटी खड़गपुर इल्यूमिनेशन ,रंगोली क्षितिज और स्प्रिंगफेस्ट जैसे अनेक वार्षिक उत्सवों के कारण जाना जाता है।

# जयंती विशेष 18 अगस्त




**विजयलक्ष्मी पण्डित** *Vijaya Lakshmi Pandit*; जन्म- 18 अगस्त, 1900, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश; मृत्यु- 1 दिसम्बर, 1990) एक संपन्न, कुलीन घराने से ताल्लुक रखने वाली और पण्डित जवाहरलाल नेहरू की बहन थीं। विजयलक्ष्मी पण्डित ने भी देश की स्वतंत्रता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में भाग लेने के कारण उन्हें जेल में बंद किया गया था। विजयलक्ष्मी एक पढ़ी-लिखी और प्रबुद्ध महिला थीं और विदेशों में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों में उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

# अम्ल, क्षार और लवण

## लवण परिवार

कक्षा 10

- समान धन या ऋण मूलक वाले लवणों को एक ही परिवार का कहा जाता है।
- NaCl और $Na_2SO_4$ सोडियम लवण के परिवार का है। इसी प्रकार NaCl एवं KCl क्लोराइड लवण के परिवार के हैं।

- हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से बने लवण को क्लोराइड कहते हैं।
- सल्फ्यूरिक अम्ल से बने लवण को सल्फेट कहते हैं।
- नाइट्रिक अम्ल से बने लवण को नाइट्रेट कहते हैं।
- एसिटिक अम्ल से बने लवण को एसिटेट कहते हैं।
- कार्बोनिक अम्ल से बने लवण को कार्बोनेट कहते हैं।
- फॉस्फोरिक अम्ल से बने लवण को फॉस्फेट कहते हैं।



कॉपर सल्फेट



फेरस सल्फेट



निकेल क्लोराइड



लेड आयोडाइड



पोटैशियम डाइक्रोमेट



पोटैशियम परमैगनेट

Teachers of Bihar

The change makers

ToB MATH TLM 5

Class 6-8

# संपूर्ण संख्या (perfect number)

किसी संख्या के सभी गुणनखंडों का योग उस संख्या का दोगुना हो तो उस संख्या को संपूर्ण संख्या कहते हैं।

जैसे -6 और 28

6

6 के सभी गुणनखंड हैं -1,2,3,6
इनका योग (1+2+3+6)=12 है, जो कि 6 का दोगुना है ।

28

28 के सभी गुणनखंड हैं -1,2,4,7,14,28
इनका योग (1+2+4+7+14+28)=56 है, जो कि 28 का दोगुना है ।


# साइबर दूत



## WhatsApp Scam से कैसे बचें


Protect yourself from SCAMS

## Show security notifications on this device




👉 Setting में जाएं। Account में जाएं। security notifications को enable करें।

## Two-Step Verification




👉 एक एक स्टेप को फॉलो करें।
पुनः Setting में जाएं । पुनः Account में जाकर Two-Step Verification को enable करें।

## Media Auto - Download




👉 पुनः Setting में जाएं। Storage and data में जाकर media auto download को No Media कर दें।

www.teachersofbihar.org

Rajesh Kumar Singh





# ICC वनडे बैटर्स रैंकिंग

| प्लेयर | टीम | पॉइंट्स |
|---|---|---|
| शुभमन गिल | भारत | 784 |
| रोहित शर्मा | भारत | 756 |
| बाबर आजम | पाकिस्तान | 751 |
| विराट कोहली | भारत | 736 |
| डैरिल मिचेल | न्यूजीलैंड | 720 |
| चरिथ असलंका | श्रीलंका | 719 |
| हैरी टेक्टर | आयरलैंड | 708 |
| श्रेयस अय्यर | भारत | 704 |
| इब्राहिम जादरान | अफगानिस्तान | 676 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 18.08.2025

## पाठ्यक्रम-स्तरीय शिक्षण

पाठ्यक्रम-स्तरीय शिक्षण का अर्थ है, किसी विशिष्ट पाठ्यक्रम के उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए शिक्षण विधियों और सामग्रियों का उपयोग करना। इसमें यह सुनिश्चित करना शामिल है कि शिक्षण सामग्री और मूल्यांकन पाठ्यक्रम के उद्देश्यों के अनुरूप हों, और छात्रों को उनकी समझ और कौशल विकसित करने में मदद करें।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मेघालय का मासिनराम वह जगह है जिसे "बादलों का घर" भी कहा जाता है क्योंकि यहां पर बादल जमीन को छूते हैं और यह दुनिया का सबसे अधिक वर्षा वाला स्थान है जहां पर सुबह धनी धुंध से पूरा गांव ढक जाता है ।चारों ओर हरियाली पहाड़ों से गिरते झरने और बांस की छतों पर पड़ती बारिश की बूंदे यह जगह प्रकृति की एक जादुई कहानी लगती है।



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### शिमला मिर्च



मुझमें
vit.A,C,K,B-6
और मैग्नीशियम,
फाइबर,कैरीटीनॉइ
ड्स भरपूर मात्रा में
पाए जाते हैं।

Anu priya

# ToB मास्टर साहेब कहिन....

बालमन श्यामपट्ट

## भारत में रविवार की छुट्टी

भारत में रविवार की छुट्टी नारायण मेघाजी लोखंडे के प्रयासों से घोषित की गई थी। 10 जून, 1890 को ब्रिटिश सरकार ने भारतीय श्रमिकों को साप्ताहिक अवकाश के रूप में रविवार को मान्यता दी।यह फैसला लोखंडे द्वारा मजदूरों के अधिकारों के लिए चलाए गए आंदोलन का परिणाम था।




SUNDAY


मास्टर साहेब: धीरज कुमार

N.P.S. हरनाटाड, भभुआ, कैमूर (बिहार)





TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बालमन
धीरू और पीहू
रंग रूप और प्रतिभा
धीरू... पता है आज मैंने रोजी को उदास देखा।पता नहीं क्यों क्लास में अकेले बैठी है?
शायद कुछ समस्या हो। चलो बात करते हैं उससे कि आखिर क्या कारण है?
हम तुम्हारे दोस्त है। हमसे तुम दिल खोल कर अपनी बात रख सकती हो।
रोजी ,क्या बात है तुम क्यों उदास हो?यदि कोई बात हो तो तुम हमसे साझा कर सकते हो।
हां मुझे भी लगता है कि मुझे तुम दोनों से बताना चाहिए कि मेरे सांवले रंग और चेहरे को ले कर सभी मेरा मजाक उड़ाते है। आज भी कई बच्चों द्वारा मेरा मजाक उड़ाया गया।
ऐसा सोचना भी मत। सांवले रंग और सुन्दर चेहरा नहीं रहने पर भी कई लोग समाज में प्रतिष्ठित पद पर है और हमारे लिए एक आदर्श है।
उदास मत हो। सुंदरता मन से होनी चाहिए।तन की सुंदरता बाहरी होती है।तुमने महामहिम द्रौपदी मुर्मू ,पीटी उषा,लारा दत्ता आदि का नाम सुना होगा और फोटो देखा होगा।
मैं हमेशा के ताने और लोगों के द्वारा उड़ाए गए मजाक से मन में उत्पन्न नकारात्मक भाव से कुछ भी नहीं करने का मन कर रहा है।मन तो कर रहा है कि सबसे दूर चालू जाऊं।
शायद तुम दोनों सही कह रहो है। आखिर मैं क्यों खुद को परेशान करू?लोग मेरे बारे में कुछ भी कहे पर अब मेरे काम से पहचानेंगे ना की मेरे रंग और चेहरे से।मै अब तुम दोनों की बातों को अच्छे से समझ गई हूं।थैंक यू धीरू और पीहू।

धीरज कुमार

# पद्य पंकज

"

यदि आप इस  लिए रोते हैं कि
कोई सुरज  आपके जीवन से
बाहर चला गया है,
तो आपके आंसू आपको सितारों
को भी देखने से रोकेंगे।

**रविन्द्र नाथ टैगोर**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY KHARAGPUR
स्थापना दिवस 18 अगस्त 1951
www.teachersofbihar.org
Madhu priya



स्वतंत्रता सेनानी एवं संयुक्त राष्ट्र
की प्रथम महिला अध्यक्ष

# विजय लक्ष्मी पंडित

की जयंती पर सादर नमन।

18 अगस्त 1900-1 दिसम्बर 1990

Madhu priya

www.teachersofbihar.org